>

Title: Regarding ATMs in the country.

श्री अशोक अर्गल (भिंड): महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान इस ओर दिलाना चाहता हूं। मैं मध्य प्रदेश के भिंड संसदीय क्षेत्र से आता हूं। कभी-कभी यह देखने में आता है कि एटीएम शहरों में तो लगाये गये हैं, लेकिन शहरों में भी एटीएम खराब रहते हैं। मैं केंद्र सरकार से चाहता हूं कि शहरों के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्र के बड़े-बड़े कस्बे हैं, उनमें भी एटीएम लगाने की बहुत आवश्यकता है। वहां के लोगों को एटीएम की सुविधा के लिए शहरों में आना पड़ता है। इसके लिए एक तो उन्हें वाहन से जाना पड़ेगा। एटीएम मशीनों पर 100-100, 200-200 लोगों की लाइनें लग जाती हैं। ऐसी स्थिति है।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के कुछ बड़े-बड़े कस्बे भी हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र के साथ-साथ देश के बहुत बड़े-बड़े कस्बे भी हो सकते हैं। मैं चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र के आलमपुर, दबोह, मोह, अकोडा, बसई, गोराघाट आदि स्थानों पर एटीएम मशीनें लगवायी जायें। मैं यह भी अपील करना चाहता हूं कि जहां एटीएम खराब होते हैं, और भी नयी टैक्नोलॉजी की मशीनें आयी हैं, अच्छी-अच्छी मशीनें लायें, पुरानी मशीनों को हटाकर फेंके। एटीएम मशीनें लगाने से देश के लाखों लोगों को रोजगार मिलने की भी संभावना है क्योंकि वहां पर बंदूक लेकर एक चौकीदार भी रहेगा तो उसे भी रोजगार मिलेगा यानी यह रोजगार के लिए भी कारगर है।

महोदय, मैं चाहता हूं कि भारत सरकार बड़े-बड़े कस्बों में एटीएम मशीन जरूर लगाये।